Series **E1GFH/4**

***Set No. 1***

प्रश्न-पत्र कोड **2/4/1**

*अनुक्रमांक* [ | | | | | | | ]

*परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।*

# हिन्दी (आधार)

# HINDI (Core)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

***नोट***

*(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं ।*

*(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।*

*(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **13** प्रश्न हैं ।*

*(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।***

*(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **13** प्रश्न हैं । सभी प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है ।*

*(ii) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं – **खण्ड अ** और **खण्ड ब** ।*

*(iii) **खण्ड अ** में **45** बहुविकल्पी/वस्तुपरक उप-प्रश्न पूछे गए हैं, जिनमें से केवल **40** उप-प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं ।*

*(iv) **खण्ड ब** में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं । प्रश्नों के उचित आंतरिक विकल्प दिए गए हैं ।*

*(v) प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।*

*(vi) यथासंभव दोनों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।*



Previous Pathshala

## खण्ड अ
## (बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न)

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए : *10×1=10*

वायु की गुणवत्ता में सुधार के लिए तुरंत कदम उठाए जाने की आवश्यकता है । प्राय: प्रदूषण बढ़ने के बाद ही हम कार्यवाही के लिए लालायित होते हैं, जबकि प्रदूषण बढ़ने से पहले ही हमें सक्रिय हो जाना चाहिए । मौसम और वायु प्रदूषण एक-दूसरे से जुड़े हैं । हवा की गति कम हो, तो प्रदूषक तत्त्व बढ़ जाते हैं और हवा की गति जब ज्यादा होती है, तो बेहद खराब-से-खराब हवा भी बेहतर होने लगती है । समय विशेष में किसी खास दिशा से हवा नमी, धूल या प्रदूषकों को साथ ला सकती है । कुछ वायु प्रदूषक जमीन की सतह के आसपास होते हैं और बहुत ऊँचाई तक पहुँचे प्रदूषक मौसम को भी प्रभावित करते हैं ।

जमीन से उठी गैसें, रासायनिक कण वायुमंडल में पहुँचकर अनेक बार नुकसानदेह प्रदूषणकारी बन सकते हैं, यदि वे लंबे समय तक वायुमंडल में बने रहे । अत: यदि अभी प्रदूषण वायुमंडल में पहुँचना रुक भी जाए, तो भी मौजूदा प्रदूषण अगले कई सालों तक असरकारी रहेंगे । वायु प्रदूषण की एक सच्चाई यह भी है कि एक जगह का प्रदूषण दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुँच जाता है । हवा साफ हो, तो कहीं-से-कहीं पहुँचे, चिंता की बात नहीं । हवा यदि प्रदूषण का भार लिए हुए है, तो चिंता का कारण है । हवा को प्रदूषकों का भार न ढोना पड़े, इसके साझा प्रयास किए जाने चाहिए । इसके लिए नवाचारी टेक्नोलॉजी और पद्धतियों के अनुसंधान पर काम करना ही होगा ।

जगह-जगह भवनों या अन्य ढाँचागत निर्माण से खुली जगह में जो कमी आ रही है, उससे स्थानीय स्तर पर वायु-प्रवाह में दिक्कत हो रही है । इससे भी प्रदूषण आसपास ही मँडराता रहता है । जीवाश्म ईंधन जलाने से या औद्योगिक प्रदूषणों से कार्बन, सल्फर या नाइट्रोजन के ऑक्साइड जब वायुमंडल में पहुँचे, तो जल और जल का जो भी प्रारूप होगा, वह हिमपात हो या ओस हो तेजाबी हो सकता है । निस्संदेह बरसात के बाद हवा तो साफ लगेगी लेकिन प्रदूषित जल से पेड़ों की जड़ें और उनको जमीन से मिलने वाले पोषक तत्त्व दुष्प्रभावित हो सकते हैं । तालाबों, नदियों के जलचर पीड़ित हो सकते हैं । कुछ प्रदूषक पत्तियों पर ऐसे बैठ जाएँ, जो पेड़ों के लिए हानिकारक हों ।

बरसात की जरूरत अब खेती, जलाशयों के लिए ही नहीं, दमघोंटू धुंध के प्रदूषण से निजात पाने के लिए भी हो गई हैं । कृत्रिम बरसात का विकल्प भी कुछ जिम्मेदार संस्थाएँ देने लगी हैं । वायुमंडलीय प्रदूषण में सुधार हेतु हमें सावधान होने की जरूरत है ।



Previous Pathshala

(i) वायु की गुणवत्ता से क्या अभिप्राय है ?

(a) वायु के प्रदूषक तत्त्व

(b) वायु की स्थिति

(c) वायु के बहने की गति

(d) वायु की शुद्धता

(ii) 'प्रदूषण बढ़ने के बाद ही हम कार्यवाही के लिए लालायित होते हैं ।' — पंक्ति मानवीय स्वभाव की किस विशेषता का उल्लेख करती है ?

(a) प्रदूषण बढ़ने पर हम चिंतित होने लगते हैं ।

(b) प्रदूषण बढ़ने से पहले ही हम कार्यवाही करने लगते हैं ।

(c) समस्या सिर पर आने पर ही समाधान पर विचार करते हैं ।

(d) समस्या आने से पहले ही समाधान पर विचार करते हैं ।

(iii) हवा की गति का प्रदूषण पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

(a) हवा की गति बढ़ने पर प्रदूषण बढ़ने लगता है

(b) हवा की गति बढ़ने पर प्रदूषण घटने लगता है

(c) हवा की गति कम होने पर प्रदूषण कम होने लगता है

(d) हवा की गति सामान्य रहने पर प्रदूषण समाप्त हो जाता है

(iv) हवा का एक जगह से दूसरी जगह पहुँचना चिंता का कारण कब बन जाता है ?

(a) जब वह धीमी गति से बहे

(b) जब वह तीव्र गति से बहे

(c) जब उसमें प्रदूषक तत्त्वों की अधिकता हो

(d) जब उसमें धूल-मिट्टी की अधिकता हो

(v) हवा में उपस्थित प्रदूषण को कम करने के विषय में क्या सत्य ***नहीं*** है ?

(a) सरकार और जनता को साझा प्रयास करने होंगे ।

(b) नवाचारी टेक्नोलॉजी और पद्धतियों पर काम करना होगा ।

(c) धरती के बढ़ते तापमान को नियंत्रित रखना होगा ।

(d) हवा में रासायनिक गैसों के उत्सर्जन को नियंत्रित करना होगा ।



Previous Pathshala

(vi) जगह-जगह भवनों के निर्माण से खुली जगह में कमी के साथ-साथ और क्या समस्या आ रही है ?

(a) लोगों को ध्वनि-प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है ।

(b) स्थानीय स्तर पर वायु-प्रवाह में प्रदूषण बढ़ रहा है ।

(c) स्थानीय स्तर पर लोगों को आवाजाही में दिक्कत आ रही है ।

(d) स्थानीय स्तर पर सूर्य के प्रकाश की दिक्कत आ रही है ।

(vii) हवा में उपस्थित प्रदूषण को कम करने के लिए कृत्रिम बरसात प्रभावकारी तरीका क्यों ***नहीं*** है ?

(a) इससे फ़सलों को नुकसान पहुँचेगा

(b) इससे वनस्पति, जीव-जंतुओं को नुकसान पहुँचेगा

(c) आर्थिक दृष्टि से महँगा सौदा है

(d) प्रदूषित हवा विश्व-व्यापी समस्या है

(viii) वर्तमान समय में बेमौसम बरसात की जरूरत क्यों महसूस हो रही है ?

(a) बढ़ते तापमान को कम करने के लिए

(b) पेड़-पौधों की सिंचाई करने के लिए

(c) पानी की कमी को दूर करने के लिए

(d) प्रदूषित हवा को शुद्ध करने के लिए

(ix) प्रस्तुत गद्यांश का वर्ण्य-विषय है :

(a) दिनोंदिन बढ़ता पर्यावरण प्रदूषण

(b) दिनोंदिन हवा में बढ़ता प्रदूषण

(c) कृत्रिम बरसात : आज की आवश्यकता

(d) पर्यावरण सुधार : समय की माँग



Previous Pathshala

(x) निम्नलिखित कथन-कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए :

*कथन (A) :* जमीन से उठी कम घातक गैसें भी वायुमंडल में पहुँचकर नुकसानदेह प्रदूषणकारी बन जाती है ।

*कारण (R) :* हवा की गति कम हो, तो प्रदूषक बढ़ जाते हैं ।

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(b) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) कथन (A) की ग़लत व्याख्या करता है ।

(c) कथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है ।

(d) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों ग़लत हैं ।

**2.** निम्नलिखित काव्यांशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किसी ***एक*** काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

**काव्यांश – 1**

(क) बढ़ी है इस बार गंगा खूब
दियारो पर गाँव कितने हो गए हैं डूब
किंतु हम तो शहर की इस छोर पर हैं
देखते हैं रात-दिन जल-प्रलय का ही दृश्य
पत्थरों से बँधी गहरी नींववाला
किराए का घर हमारा रहे यह आबाद
पुराना ही सही पर मजबूत
रही जिसको अनवरत झकझोर
क्षुब्ध गंगा की विकट हिलकोर
सामने ही पड़ोसी के —
नीम, सहजन, आँवला, अमरूद
हो रहे हैं आकंठ जल में मग्न
रह न पाए स्तंभ पुल के नग्न
दूधिया पानी बना उनका रजत परिधान
रेलगाड़ी के पसिंजर खड़े होकर
खिड़कियों से झाँकते हैं



Previous Pathshala

देखते हैं बाढ़ का यह दृश्य
उधर झूँसी इधर दारागंज
बीच का विस्तार
बन गया है आज पारावार
भगवती भागीरथी
ग्रीष्म में यह हो गई थी प्रतनु-सलिला
विरहिणी की पीठ लुंठित एकवेणी-सदृश
जिसको देखते ही व्यथा से अवसन्न होते रहे मेरे नेत्र
रिक्त ही था वरुण की कल-केलि का यह क्षेत्र
काकु करती रही पुल की प्रतिच्छाया, मगर यह थी मौन
उस प्रतनुता से अरे इस बाढ़ की तुलना करेगा कौन ?

(i) 'रह न पाए स्तंभ पुल के नग्न' पंक्ति के आधार पर पुल के स्तंभों के नग्न न रह पाने का कारण है :
- (a) गंगा नदी का तेज बहाव
- (b) गंगा नदी का मटमैला पानी
- (c) गंगा नदी का बढ़ा जल-स्तर
- (d) गंगा नदी का रेतीला पानी

(ii) पुल के स्तंभों ने कैसा परिधान धारण किया हुआ है ?
- (a) गंगा-जल रूपी रजत परिधान
- (b) चाँदी-सा चमकता परिधान
- (c) मिट्टी-सा मटमैला परिधान
- (d) दूध-सा चमकता परिधान

(iii) गाँव में बाढ़ आने पर भी कवि के संतोष का क्या कारण हो सकता है ?
- (a) घर का नदी से दूर होना
- (b) घर का शहर के किनारे होना
- (c) घर का पुराना होना
- (d) घर का मजबूत होना

(iv) गंगा नदी की धारा ग्रीष्म-ऋतु में कैसी हो जाती है ?
- (a) मटमैली
- (b) पतली
- (c) सूखी
- (d) काली



Previous Pathshala

(v) 'विरहिणी की पीठ लुंठित एकवेणी-सदृश' पंक्ति में कौन-सा अलंकार है ?

(a) श्लेष (b) उत्प्रेक्षा

(c) रूपक (d) उपमा

**अथवा**

**काव्यांश – 2**

(ख) अब कठोर हो वज्रादपि ओ कुसुमादपि सुकुमारी !
आर्यपुत्र दे चुके परीक्षा, अब है मेरी बारी ।
मेरे लिए पिता ने सबसे धीर-वीर वर चाहा,
आर्यपुत्र को देख उन्होंने सभी प्रकार सराहा ।
फिर भी हठकर हाय ! वृथा ही उन्होंने थाहा,
किस योद्धा ने बढ़कर उनका शौर्य-सिंधु अवगाहा ?
क्यों कर सिद्ध करूँ अपने को मैं उन नर की नारी
आर्यपुत्र दे चुके परीक्षा, अब है मेरी बारी ।
देख कराल काल-सा जिसको काँप उठे सब भय से
गिरे प्रतिद्वंद्वी नंदार्जुन, नागदत्त जिस हय से
वह तुरंग पालित-कुरंग-सा नत हो गया विनय से,
क्यों न गूँजती रंगभूमि फिर उनके जय जय जय से
निकला वहाँ कौन उन जैसा प्रबल-पराक्रमकारी
आर्यपुत्र दे चुके परीक्षा, अब है मेरी बारी ।
सभी सुंदरी बालाओं में मुझे उन्होंने माना,
सबने मेरा भाग्य सराहा, सबने रूप बखाना,
खेद, किसी ने उन्हें न फिर भी ठीक-ठीक पहचाना,
भेद चुने जाने का अपने मैंने भी अब जाना ।
इस दिन के उपयुक्त पात्र की उन्हें खोज थी सारी,
आर्यपुत्र दे चुके परीक्षा, अब है मेरी बारी ।

(i) नायिका के पिता द्वारा वर रूप में नायक का चयन उसके किन गुणों के आधार पर किया गया ?

(a) धैर्य, शौर्य, बुद्धि और वीरता

(b) शारीरिक सौष्ठव और बाहुबल

(c) घुड़सवारी में कुशल होने की कला

(d) कोमल, मधुर और विनम्र स्वभाव



Previous Pathshala

(ii) उपर्युक्त पंक्तियों में आर्यपुत्र द्वारा दी जाने वाली कौन-सी परीक्षा की बात कही गई है ?

(a) स्वयं को सबसे शक्तिशाली सिद्ध करने की परीक्षा

(b) स्वयं को सबसे बुद्धिशाली सिद्ध करने की परीक्षा

(c) स्वयं को वर हेतु योग्य सिद्ध करने की परीक्षा

(d) स्वयं को सिंहासन हेतु योग्य सिद्ध करने की परीक्षा

(iii) 'इस दिन के उपयुक्त पात्र की उन्हें खोज थी सारी' — पंक्ति में प्रयुक्त 'उपयुक्त पात्र' से क्या अभिप्राय है ?

(a) उपयोगी बर्तन

(b) सुंदर राजकुमारी

(c) बलिष्ठ अश्व

(d) उपयुक्त व्यक्तित्व

(iv) 'देख कराल काल-सा जिसको काँप उठे सब भय से' — पंक्ति में 'जिसको' का प्रयोग किसके लिए किया गया है ?

(a) प्रतिद्वंद्वी राजकुमार (b) आर्यपुत्र

(c) तुरंग (d) कुरंग

(v) 'वह तुरंग पालित-कुरंग-सा नत हो गया विनय से' — काव्य-पंक्ति में कौन-सा अलंकार है ?

(a) अतिशयोक्ति (b) उपमा

(c) उत्प्रेक्षा (d) मानवीकरण

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कर लिखिए : *5×1=5*

(i) संवाददाताओं की रुचियों और ज्ञान को ध्यान में रखकर किया गया कार्य-विभाजन मीडिया की भाषा में क्या कहलाता है ?

(a) डेड लाइन (b) एंकर बाइट

(c) बीट (d) डेस्क

(ii) उलटा पिरामिड शैली का विकास कब हुआ ?

(a) अमेरिका में गृह-युद्ध के दौरान

(b) प्रथम विश्व युद्ध के दौरान

(c) द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान

(d) इंग्लैंड के गृह-युद्ध के दौरान



Previous Pathshala

(iii) हिंदी नेट पत्रकारिता का आरंभ हुआ :

(a) भास्कर के साथ

(b) दैनिक जागरण के साथ

(c) वेब दुनिया के साथ

(d) प्रभासाक्षी के साथ

(iv) रेडियो में महत्त्व है :

(a) प्रसारणकर्ताओं का

(b) शब्दों और ध्वनियों का

(c) छपे हुए शब्दों का

(d) दृश्यों और तस्वीरों का

(v) गहरी छानबीन, विश्लेषण और व्याख्या के आधार पर तैयार की गई रिपोर्ट कहलाती है :

(a) विशेष रिपोर्ट

(b) संपादकीय रिपोर्ट

(c) सामान्य रिपोर्ट

(d) प्रेस रिपोर्ट

**4.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

छोटा मेरा खेत चौकोना
कागज का एक पन्ना,
कोई अंधड़ कहीं से आया
क्षण का बीज वहाँ बोया गया ।
कल्पना के रसायनों को पी
बीज गल गया निःशेष;
शब्द के अंकुर फूटे,
पल्लव-पुष्पों से नमित हुआ विशेष

(i) छोटा खेत किसका प्रतीक है ?

(a) फ़सल रोपे जाने वाले खेत का

(b) आकार में छोटे खेत का

(c) कागज के उस पन्ने का जिस पर रचना शब्द-बद्ध होती है

(d) कागज के उस पन्ने को जो पुस्तक में जिल्द-बद्ध रहता है



Previous Pathshala

(ii) 'अंधड़' से कवि का क्या अभिप्राय है ?
  (a) हवा का तीव्र वेग
  (b) शीतल-मंद-सुंगधित तेज हवा
  (c) भावनाओं और विचारों का वेग
  (d) धूल और मिट्टी से भरी तेज हवा

(iii) कविता के संदर्भ में बताइए कि बीज किसके संसर्ग से अंकुरित हुआ ।
  (a) खाद-पानी   (b) सूर्य का प्रकाश
  (c) कल्पना   (d) मिट्टी-पानी

(iv) बीज के गल जाने पर क्या हुआ ?
  (a) शब्दों के अंकुर फूटे   (b) कवि को पश्चात्ताप हुआ
  (c) भावनाओं के अंकुर फूटे   (d) कवि की मेहनत व्यर्थ हुई

(v) खेती के रूपक द्वारा कवि ने प्रस्तुत किया है :
  (a) कृषि-कर्म प्रक्रिया को   (b) काव्य-रचना प्रक्रिया को
  (c) खेती में आने वाली कठिनाइयों को   (d) खेती के महत्त्व को

**5.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

अगर तीस-चालीस मन गेहूँ उगाना है तो किसान पाँच-छह सेर अच्छा गेहूँ अपने पास से लेकर जमीन में क्यारियाँ बना कर फेंक देता है । उसे बुवाई कहते हैं । यह जो सूखे में हम अपने घर का पानी इन पर फेंकते हैं वह भी बुवाई है । यह पानी गली में बोएँगे तो सारे शहर, कस्बा, गाँव पर पानी वाले बादलों की फ़सल आ जाएगी । हम बीज बनाकर पानी देते हैं, फिर काले मेघा से पानी माँगते हैं । सब ऋषि-मुनि कह गए हैं कि पहले खुद दो तब देवता तुम्हें चौगुना-अठगुना करके लौटाएँगे भइया, यह तो हर आदमी का आचरण है, जिससे सबका आचरण बनता है ।

(i) बुवाई का क्या अर्थ है ?
  (a) खेतों में बीज बोना   (b) खेतों में पानी देना
  (c) खेतों में कटाई करना   (d) खेतों में खाद देना



Previous Pathshala

(ii) बादलों की फ़सल पाने के लिए क्या करना पड़ता है ?
   (a) बादलों की पूजा-अर्चना करनी पड़ती है
   (b) इंद्र देवता की पूजा-अर्चना करनी पड़ती है
   (c) पानी का दान-पुण्य करना पड़ता है
   (d) पानी की बरबादी को रोकना होता है

(iii) ऋषि-मुनियों के अनुसार हमें मनवांछित फल की प्राप्ति कब होती है ?
   (a) दिन-रात परिश्रम करने से   (b) ईश्वर की उपासना करने से
   (c) बड़ों के आशीर्वाद से   (d) दान-पुण्य करने से

(iv) जीजी ने किसान का उदाहरण क्यों दिया है ?
   (a) बुवाई की प्रक्रिया स्पष्ट करने के लिए
   (b) भारतीय संस्कृति की महिमा बताने के लिए
   (c) किसानों की महत्ता समझाने के लिए
   (d) दान-पुण्य की महत्ता समझाने के लिए

(v) 'पानी गली में बोएँगे' का अभिप्राय है :
   (a) पानी की गली में बुवाई करना   (b) पानी की खेतों में बुवाई करना
   (c) पानी को गली में फेंकना   (d) पानी को इंद्र सेना पर डालना

**6.** पूरक पाठ्य-पुस्तक पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *10×1=10*

(i) 'सिल्वर वैडिंग' कहानी के आधार पर लिखिए कि यशोधर बाबू दफ़्तर से घर जल्दी लौटना क्यों पसंद नहीं करते थे ।
   (a) पत्नी और बच्चों से वैचारिक मतभेद होने के कारण
   (b) दफ़्तर के बाद बिड़ला मंदिर जाना पसंद होने के कारण
   (c) घर के कोलाहल से बचने के कारण
   (d) घर के एकाकी वातावरण से बचने के कारण

(ii) किशनदा के रिटायर होने के बाद यशोधर बाबू उन्हें अपने घर में क्यों नहीं रख पाए ?
   (a) घर में अतिरिक्त कमरा न होने के कारण
   (b) पत्नी और बच्चों द्वारा उन्हें पसंद न किए जाने के कारण
   (c) अपने परिवार को नाराज न करने के कारण
   (d) किशनदा द्वारा उनके प्रस्ताव को अस्वीकार किए जाने के कारण



Previous Pathshala

(iii) किशनदा के आदर्शों पर चलने से यशोधर बाबू के पारिवारिक, जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा ?

(a) उनका पारिवारिक जीवन अत्यंत सरल हो गया

(b) उनका परिवार आदर्शवादी परिवार बन गया

(c) उनका परिवार सिद्धांतवादी परिवार बन गया

(d) उनका अपने परिवार से मतभेद रहने लगा

(iv) यशोधर बाबू सिल्वर वैडिंग मनाने के पक्ष में क्यों नहीं थे ?

(a) वे इसे पैसों की बर्बादी मानते थे

(b) वे इसे समय की बर्बादी मानते थे

(c) वे इसे विदेशी कस्टम मानते थे

(d) वे रूढ़िवादी विचारों के थे

(v) आनंदा के पिता ईख पेरने का काम दूसरे किसानों से पहले ही क्यों शुरू कर देते थे ?

(a) ईख की अच्छी खासी कीमत पाने के लिए

(b) जल्दी ही खेती के काम से मुक्ति पाने के लिए

(c) गाँव में इधर-उधर घूमने के लिए

(d) दूसरे किसानों से पहले काम समाप्त करने के लिए

(vi) आनंदा को पाठशाला जाने के लिए लगाई जाने वाली शर्तों में से कौन-सी शर्त सम्मिलित नहीं थी ?

(a) सुबह खेतों में पानी लगाना

(b) शाम को आधा घंटा ढोर चराना

(c) शाम को खेतों में सिंचाई करना

(d) खेतों में काम अधिक होने पर पाठशाला न जाना

(vii) चौथी से पाँचवी कक्षा तक अपनी लगने वाली पाठशाला आनंदा को एकदम पराई जैसी क्यों लगने लगी ?

(a) सहपाठियों के पास हो आगे की कक्षा में चले जाने के कारण

(b) मास्टर जी के कठोर व्यवहार के कारण

(c) चह्वान के लड़के द्वारा खिल्ली उड़ाने के कारण

(d) नई कक्षा की कठिन पढ़ाई के कारण



Previous Pathshala

(viii) 'अतीत में दबे पाँव' पाठ के आधार पर बताइए कि राखालदास बनर्जी मुअनजो-दड़ो में किसकी खोज करना चाहते थे ।

(a) गढ़

(b) स्नानागार

(c) महाकुंड

(d) बौद्ध स्तूप

(ix) मुअनजो-दड़ो में मिले विशाल कोठार का प्रयोग किस लिए किया जाता होगा ?

(a) कर के रूप में एकत्रित अनाज रखने के लिए

(b) कर के रूप में एकत्रित धन रखने के लिए

(c) उपासना केंद्र के रूप में

(d) महासभा भवन के रूप में

(x) निम्नलिखित कथन-कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए :

*कथन (A) :* सिंधु घाटी सभ्यता की खूबी उसका सौंदर्यबोध है ।

*कारण (R) :* (I) खुदाई के दौरान मिली वस्तुओं से उनकी कला-सिद्धता का ज्ञान होता है ।

(II) नगर-नियोजन से उनकी सौंदर्य-प्रियता का ज्ञान होता है ।

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(b) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों ग़लत हैं ।

(c) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है ।

(d) कथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है ।



Previous Pathshala

## खण्ड ब
## (वर्णनात्मक प्रश्न)

**7.** निम्नलिखित दिए गए चार विषयों में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए : *6*

(क) शहरों में बढ़ती ट्रैफिक जाम की समस्या

(ख) पर्वतीय यात्रा के दौरान जब अचानक भू-स्खलन हुआ

(ग) जब अंतरिक्ष में घर बन जाएँगे

(घ) स्वप्न में प्रिय हास्य कलाकार से भेंट

**8.** निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) कहानी के वे कौन-से तत्त्व हैं जो नाट्य रूपांतरण करते समय दृश्यों में नहीं ढल पाते ? इन्हें नाटक में किस प्रकार स्थान दिया जा सकता है ?

(ख) रेडियो नाटक के लिए संवाद लिखते समय क्या सावधानी बरतनी चाहिए ?

(ग) कहानी को नाटक में रूपांतरित करने हेतु किन्हीं तीन आवश्यक बिंदुओं का उल्लेख कीजिए ।

**9.** निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 80 शब्दों में लिखिए : *2×4=8*

(क) रेडियो और टी.वी. के लिए समाचार लिखते समय किन-किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए ?

(ख) पत्रकारिता के क्षेत्र में विशेष लेखन से क्या अभिप्राय है ? विशेष लेखन की भाषा और शैली सामान्य लेखन से अलग क्यों होती है ?

(ग) जनसंचार के आधुनिक माध्यमों में से सबसे पुराने माध्यम की दो खूबियाँ और दो कमियाँ लिखिए ।

**10.** काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) 'मेरा जीवन विरुद्धों का सामंजस्य है ।' 'आत्मपरिचय' कविता के संदर्भ में इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता के आधार पर सिद्ध कीजिए कि मीडिया का सामाजिक सरोकार मात्र एक दिखावा है ।

(ग) 'बादल राग' कविता में बादल किसका प्रतीक है ? बादलों का आह्वान समाज का कौन-सा वर्ग करता है और क्यों ?



Previous Pathshala

**11.** काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए : *2×2=4*

(क) तुलसीदासकृत चौपाइयों के आधार पर तत्कालीन समाज में नारी की स्थिति स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'घुटनियों में लेके है पिन्हाती कपड़े' पंक्ति के माध्यम से माँ के व्यक्तित्व की कौन-सी विशेषता प्रकट होती है ?

(ग) 'बात सीधी थी पर' कविता के आधार पर भाषा और पेंच की समानता लिखिए ।

**12.** गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) 'कोई भी व्यक्ति सर्वगुण संपन्न नहीं होता, भक्तिन भी इसका अपवाद नहीं थी ।' भक्तिन के जीवन के आधार पर इस कथन को सिद्ध कीजिए ।

(ख) बाज़ार की चकाचौंध का व्यक्ति के मन-मस्तिष्क पर क्या प्रभाव पड़ता है ? इस चकाचौंध से किस प्रकार बचा जा सकता है ? 'बाज़ार दर्शन' पाठ के आधार पर लिखिए ।

(ग) 'महाकाल देवता सपासप कोड़े चला रहे हैं, जीर्ण और दुर्बल झड़ रहे हैं, जिनमें प्राणकण थोड़ा भी ऊर्ध्वमुखी है, वे टिक जाते हैं ।' 'शिरीष के फूल' पाठ से उद्धृत इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए ।

**13.** गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए : *2×2=4*

(क) 'मेरी कल्पना का आदर्श समाज' के आधार पर लिखिए कि जाति प्रथा के पोषक लोगों को किस प्रकार की स्वतंत्रता देने के पक्ष में हैं और किस प्रकार की नहीं ।

(ख) 'प्रकृति भी जैसे गाँव वालों के दुख से दुखी थी ।' 'पहलवान की ढोलक' पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिए ।

(ग) 'भक्तिन' पाठ के आधार पर लिखिए कि खोटे सिक्कों की टकसाल किसे और क्यों कहा गया है ।



Previous Pathshala